HD-01

June - Examination 2016

B.A. Pt. I Examination

हिन्दी पद्य भाग – I (प्राचीन एवं मध्य. काव्य)

Paper - HD-01

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

(खण्ड – अ) **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(i) जायसी रचित किंही दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ii) तुलसीदास की भक्ति किस भाव की है?

(iii) मिश्र बंधुओं ने रीतिकाल का क्या नाम सुझाया है?

(iv) छप्पय छंद किन दो छंदों के योग से बना है?

(v) भरतमुनि ने काव्य गुणों की संख्या कितनी मानी है?

(vi) चौपाई, छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं?

(vii) 'रीति' का सामान्य अर्थ क्या है?

(viii) रामचरितमानस का काव्य रूप है?

(ix) 'खुमाणरासो' के रचयिता का नाम लिखिए।

(x) कबीर ने 'राम' का स्वरूप किस प्रकार चित्रित किया हैं।

(खण्ड – ब) $4 \times 10 = 40$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) शब्द शक्ति किसे कहते हैं? लक्षणा शब्द शक्ति को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3) काव्यगुण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित इनके प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

4) रीतिबद्ध रीतिमुक्त और रीति सिद्ध काव्यधारा में व्याप्त अंतर को स्पष्ट कीजिए।

5) 'घनानंद प्रेम की पीर के कवि है।' स्पष्ट कीजिए।

6) 'बिहारी एक बहुज्ञ कवि थे।'' पठित अंशों के आधार पर इसकी विवेचना कीजिए।

7) ''रहीम के काव्य में नैतिक मूल्यों की सुंदर व्यंजना हुई है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

8) ''रसखान वास्तव में रस की खान है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

9) प्रस्तुत पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

दूलह श्री रघुनाथ बने, दुलही सिय सुंदर मंदिर माहीं।
गावति गीत सबै मिलि सुन्दरि, वेद जुवा जुरि विप्र पढ़ाहिं।।
राम को रूप निहारति जानकी कंगन के नग की परछाहीं।
यातें सबैं सुधि भूलि गई कर टेकि रही पल टारति नाहीं।।

(खण्ड – स) $2 \times 20 = 40$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) तुलसीदासजी की भक्ति भावना को स्पष्ट कीजिए।

11) संतकाव्य धारा का परिचय देते हुए उसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

12) सूरदास के काव्य में अभिव्यक्त वात्सल्य की विशेताएँ लिखिए।

13) काव्यगुण किसे कहते हैं? उसके प्रकारों का वर्णन करते हुए साहित्य में उसके महत्व को रेखांकित कीजिए।